वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से
डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 36] **भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 4 सितम्बर, 2020-भाद्र 13, शके 1942**

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

मैं, मनुश्री महाराज पुत्र श्री एस. के. चतुर्वेदी सर्व-साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम मुकेश चतुर्वेदी था. जो मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में लिखा गया है. अब में अपना नाम एवं सरनेम बदलकर मनुश्री महाराज कर रहा हूँ एवं वर्तमान में मैं, मनुश्री महाराज के नाम से ही जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता हूँ तथा मनुश्री महाराज के नाम से ही हस्ताक्षर करता हूँ. मुकेश चतुर्वेदी एवं मनुश्री महाराज मेरे ही नाम हैं. अत: मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम मुकेश चतुर्वेदी के स्थान पर मनुश्री महाराज पुत्र श्री एस. के. चतुर्वेदी लिखा एवं पढ़ा जाये एवं मुझे मनुश्री महाराज पुत्र श्री एस. के. चतुर्वेदी के नाम से पुकारा एवं पहचाना जाए. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

पुराना नाम :

(मुकेश चतुर्वेदी)

नया नाम :

(मनुश्री महाराज)
पुत्र-श्री एस. के. चतुर्वेदी,
पता-जामदार की गोठ, लाला का बाजार,
लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.).

(160-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित जाता है कि मेरी एक पॉलिसी क्र. 200702723 जीवन बीमा निगम की है. जिसमें मेरा नाम धनीराम सिरौलिया अंकित है जबकि वास्तव में मेरा नाम विवेक सिरौलिया समस्त दस्तावेजों में अंकित है. मुझे भविष्य में विवेक सिरौलिया के नाम से ही जाना, पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(धनीराम सिरौलिया)

नया नाम :

(विवेक सिरौलिया)
पुत्र-श्री ईश्वरी प्रसाद सिरौलिया,
पता-नदी पार टाल, भटेले मेडीकल के पास,
मुरार, ग्वालियर.

(169-बी.)

CHANGE IN NAME

I, SHEETAL PRASAD BARMAN have changed my name to RAJVEER BARMAN S/o RAJENDRA PRASAD BARMAN and now I would be known as RAJVEER BARMAN S/o RAJENDRA PRASAD BARMAN.

Old Name :

(SHEETAL PRASAD BARMAN)

New Name :

(RAJVEER BARMAN)
Add-A-43, Chandra Nagar,
Near MR-9 Square, Indore (M.P.).

(165-B.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स बी. जी. डीजल, भारत पेट्रोलियम, फर्म जिसका रजिस्ट्रेशन नं. 02/44/01/1238/17, दिनांक 15-12-2017 एवं फर्म का पता 1, ग्राम करुआ जडेरुआ, ए. बी. रोड, जिला मुरैना है. जिसमें भागीदार विनोद शुक्ला पुत्र श्री मुरारीलाल शुक्ला, निवासी एच-808, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना (म.प्र.) जोकि फर्म में 50 प्रतिशत के भागीदार हैं. जो अपनी स्वेच्छा से फर्म से पृथक् हो गए हैं. चूंकि फर्म में दो भागीदार में से एक कि पृथक् हो जाने के कारण फर्म स्वत: भंग हो गई है. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों. अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 20 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें.

मैसर्स बी. जी. डीजल,
विकास शर्मा,
(भागीदार).
पुरुषोत्तम विहार कॉलोनी,
ग्वालियर (म.प्र.)474001.

(166-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स M/s Shiv Shakti Tanks And Vessels, पता-एस-10, इंडस्ट्रीयल एरिया मालनपुर, जिला-भिण्ड (म.प्र.) जिसका पंजीयन क्रमांक-02/43/07/00131/07, दिनांक 06-01-2007 को पार्टनर्स (1) रामबाबू राठौर पुत्र श्री चेतराम राठौर एवं (2) जितेन्द्र कुमार नागवानी पुत्र श्री आशाराम नागवानी द्वारा मिलकर आपसी सहमति से किया गया. किन्तु दिनांक 20-10-2013 को फर्म में संशोधित डीड अनुसार पार्टनर क्र. (1) रामबाबू राठौर पुत्र श्री चेतराम राठौर स्वेच्छा से अलग हो गये एवं नवीन पार्टनर के रूप में (3) श्री सुशील नागवानी पुत्र श्री आशाराम नागवानी सर्वसहमति से सम्मिलित हुए हैं. अत: दिनांक 20-10-2013 से फर्म मैसर्स M/s Shiv Shakti Tanks And Vessels, पता-एस-10, इंडस्ट्रीयल एरिया मालनपुर, जिला-भिण्ड (म.प्र.) को निम्न पार्टनर्स द्वारा संचालित की जावेगी.

1. जितेन्द्र कुमार नागवानी पुत्र श्री आशाराम नागवानी,
2. श्री सुशील नागवानी पुत्र श्री आशाराम नागवानी.

M/s Shiv Shakti Tanks And Vessels,
जितेन्द्र कुमार नागवानी, सुशील नागवानी,
(भागीदार).
पता-एस-10, इंडस्ट्रीयल एरिया मालनपुर,
जिला-भिण्ड (म.प्र.).

(167-बी.)

आम सूचना

(साझेदारी अधिनियम की धारा-72 के अन्तर्गत)

R C Printer फर्म जो कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स में रजिस्ट्रेशन क्रमांक 01/01/01/0046/19, के अंतर्गत दिनांक 06 मई, 2019 से रजिस्टर्ड है, दिनांक 14 जनवरी, 2020 से फर्म का नाम R C Printers किया जाता है.

R. C. Printers,
SUDHIR AGARWAL, GIRISH AGARWAL,
PAWAN AGARWAL, NAMITA AGARWAL,
(PARTNERS)
Bhopal.

(163-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स श्रीराम एण्ड कम्पनी स्थित 101, जवाहरगंज, डबरा, जिला ग्वालियर जिसका पंजीयन क्रमांक 02/42/02/00182/14, दिनांक 18-02-2014 है. जिसमें दिनांक 17-06-2020 को (1) श्री राजकुमार कुकरेजा पुत्र श्री एल. सी. कुकरेजा, निवासी फूलबाग, ग्वालियर, (2) श्री सुरेश कुमार शिवहरे पुत्र श्री रामदयाल शिवहरे, निवासी नयाबाजार, नागपुर महाराष्ट्र, (3) श्री संजय शिवहरे पुत्र रमेशचंद शिवहरे, निवासी सौदागर संतर मुरार, ग्वालियर, (4) श्रीमती मोनिका गुप्ता पत्नी स्व. श्री अजय गुप्ता, निवासी सुदर्शन, निवास लक्ष्मीगंज, ग्वालियर, (5) श्रीमती दीप्ती गुप्ता पत्नि श्री अमित गुप्ता, निवासी हेमसिंह की परेड मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर, (6) श्री विनोद शिवहरे पुत्र श्री होतम शिवहरे, निवासी चन्द्रनगर कोटेश्वर रोड, ग्वालियर, (7) श्रीमती स्मिता गुप्ता, पत्नी श्री मुकेश गुप्ता, निवासी हेमसिंह की परेड मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर, (8) श्री बाबूलाल बाथम पुत्र श्री कृष्णलाल बाथम, निवासी रमटापुरा नं. 2, ग्वालियर, (9) श्री मनीष शिवहरे पुत्र श्री अशोक शिवहरे, आरामिल इण्डस्ट्रीयल एरिया, बिरला नगर, ग्वालियर, (10) श्री गोपाल शिवहरे पुत्र श्री रामरतन शिवहरे, निवासी जी-3, लक्ष्मी अपार्टमेंट गणपति बिहार, ग्वालियर फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं.

सर्वजन एवं आमजन सूचित हों.

फर्म-श्रीराम एण्ड कम्पनी,
हरीबावू शिवहरे,
(भागीदार).
जवाहरगंज, डबरा, ग्वालियर.

(168-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स विन्ध्या डेवलपर्स सतना पंजीयन क्रमांक री.सं.34, दिनांक 09-08-2004 द्वारा पंजीकृत है, जिसमें निम्न भागीदार (1) श्रीमती वन्दना गुप्ता, (2) श्री अतुल मेहरोत्रा है, उक्त में से श्री अतुल मेहरोत्रा दिनांक 01-03-2016 को उक्त फर्म से पृथक् हो गये हैं, उनकी लेनदारियां एवं देनदारियां शेष नहीं है, उक्त फर्म में (1) श्री अजय कुमार चन्दानी आत्मज श्री सुन्दरदास चन्दानी साकिन गनपत मार्ग, सतना, (2) श्री सतीश कुमार सुखेजा आत्मज स्व. श्री रमेशचन्द्र सुखेजा साकिन सिन्धी कैम्प, सतना, (3) श्री महेश कुमार आवतवानी आत्मज स्व. श्री ईश्वरलाल आवतवानी साकिन सिन्धी कैम्प, सतना, दिनांक 01-03-2016 को फर्म के भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं, अगर इसमें किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 05(पांच) दिवस के अन्दर इस पते पर सूचित करें, वाद समाप्त म्याद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी.

मैसर्स विन्ध्या डेवलपर्स,
वन्दना गुप्ता,
(भागीदार).
नियर ई. डब्ल्यू. एस.-156 भरहुत नगर,
सतना (म.प्र.).

(171-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स Shree Ram Agro Industries जिसका पंजीयन क्रमांक IF/88/97-98, दिनांक 29-12-1997 है. जिसका पंजीकृत पता-256, Bhairo Talab Ward Indore Road, Khandwa M.P. है. जिसमें दिनांक 08-03-1998 को भागीदार श्री अभीषेक अग्रवाल पुत्र श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल को बालिक होने पर फर्म में फुल फ्लेश्ड भागीदार के रूप में शामिल किया गया एवं दिनांक 21-03-2003 को भागीदार श्रीमती साराबाई का स्वर्गवास हो जाने से फर्म से पृथक् हो गई हैं एवं दिनांक 22-03-2003 को श्री अमोल कुमार को नये भागीदार के रूप में शामिल किया गया तथा दिनांक 01-12-2004 को श्रीमती इंदिरा बाई का स्वर्गवास हो जाने से फर्म से पृथक् हो गई हैं एवं श्री रामजीलाल गुप्ता स्वयं की इच्छा से फर्म से पृथक् हो गये हैं एवं दिनांक 01-09-2006 को श्री प्रमोद कुमार पिता श्री रामजीलाल गुप्ता कर्ता ऑफ HUF ने स्वयं की इच्छा से अपनी HUF को फर्म से पृथक् कर लिया है. अब वह फर्म में स्वयं व्यक्तिगत क्षमता में शामिल रहेंगे. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

Shree Ram Agro Industries,
प्रमोद कुमार,
(भागीदार).
256, Bhairo Talab Ward Indore Road,
Khandwa (M.P.).

(161-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स संजय उद्योग जिसका पंजीयन क्रमांक 498, दिनांक 18-06-1984 है. जिसका पंजीकृत पता नियर प्रदीप इन्डस्ट्रीस, पड़ावा रोड, खण्डवा म.प्र. है. जिसमें दिनांक 21-03-2003 को भागीदार श्रीमती साराबाई का स्वर्गवास हो जाने से फर्म से पृथक् हो गई हैं एवं दिनांक 22-03-2003 को श्री सुनील कुमार गुप्ता को नये भागीदार के रूप में शामिल किया गया तथा दिनांक 01-12-2004 को श्रीमती इंदिरा बाई का स्वर्गवास हो जाने से फर्म से पृथक् हो गई हैं एवं दिनांक 02-12-2004 से शेष भागीदार श्री प्रमोद कुमार, श्रीमती किरण अग्रवाल, श्री सुनील कुमार के द्वारा फर्म का संचालन किया जावेगा.

For M/s Sanjay Udyog,
प्रमोद कुमार,
(भागीदार).
नियर प्रदीप इन्डस्ट्रीस, पड़ावा रोड,
(162-बी.) खण्डवा (म.प्र.).

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स जवाहर लाल शर्मा, जिसका पंजीयन क्रमांक 01/07/03/00117/14, दिनांक 16-06-2014 है. जिसका पंजीकृत पता पथरोटा इटारसी, होशंगाबाद म.प्र. है. जिसमें दिनांक 01-04-2020 को भागीदार श्री मोहनलाल अग्रवाल आ. स्व. श्री पूरनचन्द अग्रवाल अपनी स्वयं की इच्छा से फर्म की भागीदारी से पृथक् हो गये हैं एवं दिनांक 01-04-2020 को श्री राजीव शर्मा आ. श्री जवाहरलाल शर्मा फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं एवं सभी भागीदारों की अपसी सहमति से दिनांक 12-08-2020 को फर्म का पता पथरोटा, इटारसी, जिला होशंगाबाद म.प्र. से परिवर्तित कर नया पता-159, कर्मवीर नगर, इन्द्रपुरी, बी.एच.ई.एल, भोपाल म.प्र. कर लिया गया है. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

For JAWAHAR LAL SHARMA,
जवाहरलाल शर्मा,
(भागीदार).
(170-बी.) पथरोटा इटारसी, होशंगाबाद (म.प्र.).

PUBLIC NOTICE

This is to inform that M/s Ayushi Constructions having head office at 2720, Main Road Tripuri Chowk, Garha Jabalpur is registered partnership firm with effect from 26-02-2020 Shri Mahesh Patel retired from the partnership Now the partners of the firm are Shri Satyendra Yadav and Smt. Pushpa Yadav. This public notice is being published for the purpose of registration of change in composition of the firm with the office of Registrar of Firms and society.

M/s Ayushi Constructions,
SATYENDRA YADAV,
(164-B.) (Partner).

विविध

निविदा सूचनाएं

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त, 2020

द्वितीय निविदा सूचना

क्र. जी. बी./दो/(67)/2019/1164.— पेपर सील के निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित मल्टीकलर, प्रिंटिंग, पैकिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु इंडियन बैंक एसोसियेशन (I.B.A) में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत इच्छुक प्रिन्टर/निविदाकारों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 03 सितम्बर, 2020 को अपरान्ह 12.00 बजे तक की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं.

2. ऑनलाईन तकनीकी भाग की हार्डकॉपी पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की-डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा. ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 04-09-2020 को अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकॉपी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा.
3. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** पर भी रखा गया है.
4. किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना **https://mptenders.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी.

(899)

Bhopal, Dated 24th August, 2020

SECOND TENDER NOTICE

No. GB-II//(67)/2019/1164.—ONLINE Bids are invited through IT Department website https://.mptenders.gov.in from the Registered interested Printers/tenderers for confidential Printing work of Indian Bank Association (IBA) for Printing and supply of Paper Seal as per mentioned in technical details including Paper, Multicolour Printing, Packing and Other Charges (inclusive all taxes) are invited on or before 03-09-2020 at12.00 PM as per key dates.

2. Hard Copy of the Bid Documents complete in all respects, alongwith Technical tender document, Certified Paper Sample, acceptation of tender condition must be received at the office of the undersigned as per key dates. Envelopes of Hard Copy and Online Technical Parts will be open on 04-09-2020 at 2.00 PM in the Office of the undersigned in the presence of such tenderers or their authorised representatives as may be present.
3. Tender document, terms and conditions of The tender are also available on Govt. Press. Website www.govtpressmp.nic.in
4. All corrigendum/amendments/changes, if any will only be issued and made available only on Website https:/.mptenders.gov.in

DNYANESHWAR BHALCHANDRA PATIL,
Controller,
Govt. Printing and Stationery,
Madhya Pradesh, Bhopal.

(899-A)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग देवास

देवास, दिनांक 17 अगस्त, 2020

[पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951-संशोधित अधिनियम, 1964 की धारा-14(1) के अन्तर्गत]

क्र./163/रीडर/2020.—श्री जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट 102, चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, देवास की ओर से श्री कुन्दनलाल जायसवाल द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि श्री जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट 102, चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, देवास के नाम से ट्रस्ट होकर प्रकरण क्रमांक 002/ब-113/2010-11, दिनांक 28-07-2011 ट्रस्ट पंजीयन क्रमांक 127 में है. आवेदक द्वारा ट्रस्ट के नाम पर देवास जूनियर पहनं. 18 में स्थित कृषि भिन्न आशय में परिवर्तित भूमि सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.255 हैक्टर तथा सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.263 हैक्टर में से 12000 वर्गफीट को जो कि ट्रस्ट पंजी क्रमांक भाग-2 में दर्ज सम्पत्ति की कीमत 3,51,000/- होकर दर्ज है. किन्तु उक्त स्थान मांगलिक कार्य, शिक्षा चिकित्सा एवं विवाह आदि कार्य हेतु काफी कम होने से उक्त भूमि को विक्रय करना चाहते हैं. उक्त कार्य हेतु ट्रस्ट द्वारा ग्राम कालूखेड़ी पहनं. 42 में भूमि सर्वे नंबर 349/1 रकबा 2.752 हेक्टर में से रकबा 0.72 हेक्टर भूमि को क्रय कर ली गयी है.

विक्रय अनुसूची

अ.क्र.	नाम वस्तु	विवरण	वजन तथा नग
1.	अचल सम्पत्ति	देवास जूनियर पहनं. 18 में स्थित कृषि भिन्न आशय में परिवर्तित भूमि सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.255 हैक्टर तथा सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.263 हैक्टर में से 12000 वर्गफीट भूमि को विक्रय करना.	

अत: श्री जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट, पता-102, चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, देवास के नाम की देवास जूनियर पहनं. 18 में स्थित जो ट्रस्ट पंजीयन भाग-2 में ट्रस्ट के अंतर्गत दर्ज अचल सम्पत्ति कृषि भिन्न आशय में परिवर्तित भूमि सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.255 हैक्टर तथा सर्वे नंबर 686/2 पैकी रकबा 0.263 हैक्टर में से 12000 वर्गफीट भूमि पंजीयन के समय जिसकी कीमत लगभग 351000/- है, को विक्रय किये जाने की अनुमति चाही गई है. ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक दिनांक 05-05-2016 को ट्रस्ट की दर्ज सम्पत्ति समाज के ही श्री कुंदनलाल ने समाज हित (ट्रस्ट) को देखते हुए 1 करोड़ रुपये में क्रय करने का अनुबंध कर लिया गया है.

यदि किसी व्यक्ति विशेष अथवा कोई संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति आगामी पेशी दिनांक 17-09-2020 को समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में आगामी कार्यवाही सम्पादित की जावेगी.

आज दिनांक 17 अगस्त, 2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई.

प्रदीप सोनी,

(883) अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट (शहर) रतलाम

क्र. 05/बी-113(1)/2019-20. रतलाम, दिनांक 14 अगस्त, 2020

[फार्म-4 नियम-5 (1) देखिए]

आंशिक संशोधन

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा-4(2) के तहत्]

क्र. 05/आर-3/20.—आवेदक सचिव, बालकृष्ण माहेश्वरी, निवासी 72, जैन कालोनी, रतलाम द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधि नियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत "रूपनारायण दामोदरदास मानधना सेवा लोक न्यास" पता-6, सिविक सेन्टर प्रथम तल, न्य रोड, रतलाम के पंजीयन आवेदन पर पंजीकृत मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 14 फरवरी, 2020 पेज 194 (भाग 3(1) क्र (235) पर प्रकाशित में आंशिक संशोध न किया जा रहा है, जिसकी सुनवाई दिनांक 28-08-2020 को की जावेगी.

2. अतएव संबंधित व्यक्ति को ट्रस्ट या उसकी सम्पत्ति के प्रति रुचि हो, प्रकरण में नियत दिनांक 28 अगस्त, 2020 को इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की प्रतियां प्रस्तुत करें और स्वयं या अपने अधिवक्ता अथवा एजेन्ट के द्वारा प्रात: 11 बजे नियत दिनांक को उपस्थित रहें. नियत दिनांक के उपरान्त प्रस्तुत आवेदन-पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण

न्यास का पूरा नाम	:	"रूपनारायण दामोदरदास मानधना सेवा लोक न्यास".
पता	:	पता-6, सिविक सेन्टर प्रथम तल, न्य रोड, रतलाम, जिला रतलाम (म.प्र.).
अचल सम्पत्ति	:	1. भेसोदामण्डी का रेहवासी मकान मानचित्र अनुसार निर्मित भवन तथा खुली भूमि, श्री दामोदर दास मानधना की वसीयत दिनांक 17-09-1989 अनुसार ट्रस्ट की अचल संपत्ति.
चल सम्पत्ति	:	1. रु. 12,000/- मात्र एवं सूची क्र.1 से 22 अनुसार चल सम्पत्ति वस्तुऐं पृथक्-पृथक् संख्या में.

शिराली जैन,

(884) अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्र.क्र. 04/बी-113/2020-21.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1952 के नियम 5(1) के अंतर्गत]

जैसाकि "सिटिजन्स फॉर चेंज फाउंडेशन" द्वारा डॉ. श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव आ.वी.बी. श्रीवास्तव निवासी- डी एन 1/10 चार इमली भोपाल की ओर से मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत अनुसूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा 22-09-2020 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्ता ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के "एक माह" के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता	:	"सिटिजन्स फॉर चेंज फाउंडेशन " द्वारा मैनेजिंग ट्रस्टि डॉ. श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव आ.वी.बी. श्रीवास्तव. पता-04, आईपीएस बंगलो दानिश कुंज, कोलार रोड, भोपाल.
2. चल सम्पत्ति	:	10000/-.
3. अचल सम्पत्ति	:	निरंक.

आज दिनांक 11 अगस्त, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

राजेश गुप्ता,

(887) रजिस्ट्रार.

अन्य सूचनाएं

कार्यालय, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर

ग्वालियर, दिनांक, 14 अगस्त, 2020

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत]

प्रति,

प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अध्यक्ष,

दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था,

मर्यादित भितरवार.

क्र./परि./2020/1613.—दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, भितरवार, पंजीयन क्रमांक/ए.आर./डब्ल्यू.आर./1009, दिनांक 21 नवम्बर, 2012 की अनियमितताओं की जांच संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें संभाग ग्वालियर द्वारा जांचदल से कराई जाकर जांच प्रतिवेदन पत्र क्रमांक/साख/2020/606, ग्वालियर, दिनांक 02 जुलाई, 2020 के संलग्न प्राप्त होकर कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुये, जिसके पालन में जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कराया गया. परीक्षण उपरान्त संस्था की कार्यप्रणाली के संबंध में निम्नानुसार अनियमितातायें संज्ञान में आई हैं जो निम्नानुसार हैं:-

1. दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, भितरवार, पंजीयन क्रमांक/ए.आर./जी.डब्ल्यू.आर./1009, दिनांक 21 नवम्बर, 2012 में जांचदल ने पाया कि संस्था ने उपविधि क्रमांक-03 का उल्लंघन कर एफ.डी.आर., आर.डी. करंट खाता एवं सेविंग खाता के रूप में राशि प्राप्त की है.

2. संस्था द्वारा दिनांक 31 मई, 2018 को संचित हानि 396062.00 रुपये है. उपविधि क्रमांक-43(1) के अनुसार प्रावधान है कि संस्था अध्यक्ष और वैतनिक प्रबंधक संस्था की नगद रकम या सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग करने और उसे हड़प लेने के लिये अथवा संस्था के कामकाज में हुई वित्तीय हानि के लिये उत्तरदायी होंगे. अत: संस्था के अध्यक्ष और प्रबंधक द्वारा संस्था को पहुंचाई गई हानि 396062.00 के लिये उत्तरदायी होकर उपविधि क्रमांक-43(1) के अन्तर्गत दोषी पाये गये है.

3. संस्था में सदस्यों की राशि निजी बैंक, मच्युअल फण्ड, लिकिव्ड फण्ड में निवेश किया है जो सुरक्षित न होकर उपविधि क्रमांक- 03(2) का उल्लंघन है.

4. उपविधि क्रमांक-69 में कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में नियम एवं शर्तों के लिये प्रावधान किया गया है परन्तु संस्था द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति में प्रक्रिया, सेवा शर्तों, सेवानियमों आदि का अनुमोदन पंजीयक द्वारा स्वीकृत पेटर्न के अनुसार नहीं किया गया है जो विधि विपरीत है.

5. उपविधि क्रमांक-70 में संस्था अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा प्रबंधक इत्यादि जिनकों संस्था के संचालन के संबंध में अधिकार है, को कुशल व्यक्ति के समान चिन्ता व सावधानी से काम करने व संस्था को हुई हानि की दशा में हानि के कारणों को साधारण सभा में प्रस्तुत करने एवं साधारण सभा द्वारा परीक्षण कर हानि की पूर्ति हेतु प्रबंध समिति को आवधयक निर्देश देने का प्रावधान है. संस्था द्वारा उपविधि क्रमांक-70 का पालन नहीं किया गया है.

6. संस्था के संचालक श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव वर्ष 2016-17 तक संस्था में कार्यरत रहे तथा निर्वाचन की जानकारी अनुसार श्री राजकुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री राकेश श्रीवास्तव संस्था के निर्वाचित अध्यक्ष हैं. संस्था द्वारा वर्ष 2018-19 में श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, डबरा, पंजीयन क्रमांक/जे.आर./जी.डब्ल्यू.आर/59 दिनांक 30 दिसम्बर, 2014

संभागीय संस्था की भितरवार शाखा में लेखापाल तथा संस्था अध्यक्ष श्री राजकुमार श्रीवास्तव भितरवार शाखा में बतौर प्रबंधक कार्यरत रहे है एवं कार्य कर रहे हैं जो उपविधि क्रमांक-35(2)(3) एवं 60(2) का भी जानबूझकर स्पष्ट उल्लंघन किया गया है.

7. संस्था संचालकों द्वारा अपनी संस्था को प्रायवेट चिटफण्ड कम्पनी की तरह संचालित किया जा रहा है. संस्था का निवेश पूर्णत: असुरक्षित है.

8. संस्था के प्रर्वतकों के द्वारा संस्था का पंजीयन दुर्व्यपदेशन की मंशा से कराया गया है. क्योंकि संस्था के संचालकों के द्वारा ही 02 अन्य इसी नाम की साख संस्थाओं का गठन भी ग्वालियर जिले में कराया गया है. उक्त तीनों संस्थाओं के सदस्य आपस में एक-दूसरी संस्था के सदस्य हैं.

9. सोसायटी मुख्यत: किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के या समूह के हित को न कि साधारणत: सदस्यों के हित को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है. किसी व्यक्ति विशेष के हितों को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है.

10. सोसायटी द्वारा अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन शर्तों का जो रजिस्ट्रीकरण या प्रबंध के बारे में है अनुपालन करना बन्द कर दिया है.

अत: मैं, सी. पी. एस. भदौरिया, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ 5-1-1999-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर न्यायोचित निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 15 सितम्बर, 2020 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा कि आपको उपरोक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार हैं. तद्नुसार विधि अनुरूप न्यायोचित निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 14 अगस्त, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(888)

ग्वालियर, दिनांक, 14 अगस्त, 2020

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत]

प्रति

प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अध्यक्ष,

दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था,

मर्यादित, टेकनपुर.

क्र./परि./2020/1614.—दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, टेकनपुर, पंजीयन क्रमांक/ए.आर./डब्ल्यू.आर./1010, दिनांक 17 जनवरी, 2013 की अनियमितताओं की जांच संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें संभाग ग्वालियर द्वारा जांचदल से कराई जाकर जांच प्रतिवेदन पत्र क्रमांक/साख/2020/606, ग्वालियर, दिनांक 02 जुलाई, 2020 के संलग्न प्राप्त होकर कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुये, जिसके पालन में जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कराया गया. परीक्षण उपरान्त संस्था की कार्यप्रणाली के संबंध में निम्नानुसार अनियमिततायें संज्ञान में आई हैं जो निम्नानुसार हैं:-

1. दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, टेकनपुर, पंजीयन क्रमांक/ए.आर./जी.डब्ल्यू.आर./1010, दिनांक 17 जनवरी, 2013 में जांचदल ने पाया कि संस्था ने उपविधि क्रमांक-03 का उल्लंघन कर एफ.डी.आर., आर.डी. करंट खाता एवं सेविंग खाता के रूप में राशि प्राप्त की है.

2. संस्था द्वारा दिनांक 31 मई, 2018 को संचित हानि 1872575.00 रुपये है. उपविधि क्रमांक-43(1) के अनुसार प्रावधान है कि संस्था अध्यक्ष और वैतनिक प्रबंधक संस्था की नगद रकम या सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग करने और उसे हड़प लेने के लिये अथवा संस्था के कामकाज में हुई वित्तीय हानि के लिये उत्तरदायी होंगे. अत: संस्था के अध्यक्ष और प्रबंधक द्वारा संस्था को पहुंचाई गई हानि 1872575.00 के लिये उत्तरदायी होकर उपविधि क्रमांक-43(1) के अन्तर्गत दोषी पाये गये हैं.

3. संस्था में सदस्यों की राशि निजी बैंक, मच्युअल फण्ड, लिकिव्ड फण्ड में निवेश किया है जो सुरक्षित न होकर उपविधि क्रमांक- 03(2) का उल्लंघन है.

4. संस्था के संचालक श्री नितेश कुमार संस्था द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय जैसा अन्य इसी प्रकार का व्यवसाय करते हैं जो उपविधि क्रमांक-35(2) (3) का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है. श्री नितेश कुमार संस्था अध्यक्ष इसी नाम की संस्था पंजीयन क्रमांक/462, दिनांक 25 अगस्त, 2015 डबरा में प्रबंधक भी हैं जो उपविधि क्रमांक-35(2) (3) के साथ-साथ 60(2) का भी जानबूझकर उल्लंधन किया गया है.

5. संस्था के प्रबंधक श्री नितेश कुमार इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, टेकनपुर का अध्यक्ष है. एक व्यक्ति का दो संस्थाओं में समान व्यवसाय करना उपविधि क्रमांक-62(2) उल्लंघन किया गया.

6. उपविधि क्रमांक-69 में कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में नियम एवं शर्तो के लिये प्रावधान किया गया है परन्तु संस्था द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति में प्रक्रिया, सेवा शर्तों, सेवानियमों आदि का अनुमोदन पंजीयक द्वारा स्वीकृत पेटर्न के अनुसार नहीं किया गया है जो विधि विपरीत है.

7. उपविधि क्रमांक-70 में संस्था अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा प्रबंधक इत्यादि जिनकों संस्था के संचालन के संबंध में अधिकारी है, को कुशल व्यक्ति के समान चिन्ता व सावधानी से काम करने व संस्था को हुई हानि की दशा में हानि के कारणों को साधारण सभा में प्रस्तुत करने एवं साधारण सभा द्वारा परीक्षण कर हानि की पूर्ति हेतु प्रबंध समिति को आवश्यक निर्देश देने का प्रावधान है. संस्था द्वारा उपविधि क्रमांक-70 का पालन नहीं किया गया है.

8. संस्था संचालकों द्वारा अपनी संस्था को प्रायवेट चिटफण्ड कम्पनी की तरह संचालित किया जा रहा है. संस्था का निवेश पूर्णत: असुरक्षित है.

9. संस्था के प्रर्वतकों के द्वारा संस्था का पंजीयन दुर्व्यपदेशन की मंशा से कराया गया है. क्योंकि संस्था के संचालकों के द्वारा ही 02 अन्य इसी नाम की साख संस्थाओं का गठन भी ग्वालियर जिले में कराया गया है. उक्त तीनों संस्थाओं के सदस्य आपस में एक-दूसरी संस्था के सदस्य हैं.

10. सोसायटी मुख्यत: किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के या समूह के हित को न कि साधारणत: सदस्यों के हित को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है. किसी व्यक्ति विशेष के हितों को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है.

11. सोसायटी द्वारा अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन शर्तों का जो रजिस्ट्रीकरण या प्रबंध के बारे में है अनुपालन करना बन्द कर दिया है.

अत: मैं, सी. पी. एस. भदौरिया, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ 5-1-1999-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर न्यायोचित निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 15 सितम्बर, 2020 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा कि आपको उपरोक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार हैं. तद्नुसार विधि अनुरूप न्यायोचित निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 14 अगस्त, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(889)

ग्वालियर, दिनांक, 14 अगस्त, 2020

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत]

प्रति

प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अध्यक्ष,
दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था,
मर्यादित, डबरा.

क्र./परि./2020/1615.—दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, डबरा, पंजीयन क्रमांक/डी.आर./डब्ल्यू.आर./462, दिनांक 25 अगस्त, 2015 की अनियमितताओं की जांच संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें संभाग ग्वालियर द्वारा जांचदल से कराई जाकर जांच प्रतिवेदन पत्र क्रमांक/साख/2020/606, ग्वालियर, दिनांक 02 जुलाई, 2020 के संलग्न प्राप्त होकर कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुये, जिसके पालन में जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कराया गया. परीक्षण उपरान्त संस्था की कार्यप्रणाली के संबंध में निम्नानुसार अनियमिततायें संज्ञान में आई हैं जो निम्नानुसार है:-

1. दि इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, डबरा, पंजीयन क्रमांक/डी.आर./जी.डब्ल्यू.आर./462, दिनांक 25 अगस्त, 2015 में जांचदल ने पाया कि संस्था का कार्यक्षेत्र नगर पालिका डबरा है संस्था ने कार्यक्षेत्र के बाहर ग्वालियर, इन्दरगढ़ एवं भाण्डेर जिला दतिया में निवेश किया है जो उपविधि क्रमांक-01 का उल्लंघन है.

2. संस्था ने उपविधि क्रमांक-03 का उल्लंघन कर एफ.डी.आर. आर.डी. करंट खाता एवं सेविंग खाता के रूप में राशि प्राप्त की है.
3. संस्था में सदस्यों की राशि निजी बैंक, मच्युअल फण्ड, लिकिव्ड फण्ड में निवेश किया है जो सुरक्षित न होकर उपविधि क्रमांक- 03(2) का उल्लंघन है.
4. संस्था ने उपविधियों में संशोधन कराये बिना अधिकृत अंशपूॅजी 100000.00 रुपये से 31 मार्च, 2019 को 126000.00 रुपये कर ली है जो उपविधि क्रमांक-14 का उल्लंघन है.
5. बिना आमसभा एवं पंजीयक की स्वीकृति के विभिन्न मदों में 283360194.12 अंशपूॅजी+रिर्जव फण्ड की राशि 5598572.00 रुपये के दस गुना मान के अधिक प्राप्त किये है जो कि उपविधि क्रमांक-14 19(7) का उल्लंघन है.
6. संस्था के संचालक श्री राजकुमार श्रीवास्तव संस्था द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय जैसा अन्य भी इसी प्रकार का व्यवसाय करते हैं जो उपविधि क्रमांक-35(3) का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है.
7. संस्था के प्रबंधक श्री नितेश कुमार इन्दौर सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, टेकनपुर का अध्यक्ष है. एक व्यक्ति का दो संस्थाओं में समान व्यवसाय करना उपविधि क्रमांक-62(2) उल्लंघन किया गया.
8. संस्था में 14 कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी प्रारूप में पंजीयक के निर्देशों का पालन करना एवं स्वीकृत पैटर्न के मान से नियुक्त न करना संस्था ने उपविधि क्रमांक-69 का स्पष्ट उल्लंघन है.
9. संस्था संचालकों द्वारा अपनी संस्था को प्रायवेट चिटफण्ड कम्पनी की तरह संचालित किया जा रहा है. संस्था का निवेश पूर्णत: असुरक्षित है.
10. संस्था के प्रर्वतकों के द्वारा संस्था का पंजीयन दुर्व्यपदेशन की मंशा से कराया गया है. क्योंकि संस्था के संचालकों के द्वारा ही 02 अन्य इसी नाम की साख संस्थाओं का गठन भी ग्वालियर जिले में कराया गया है. उक्त तीनों संस्थाओं के सदस्य आपस में एक-दूसरी संस्था के सदस्य हैं.
11. सोसायटी मुख्यत: किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के या समूह के हित को न कि साधारणत: सदस्यों के हित को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है. किसी व्यक्ति विशेष के हितों को संप्रवर्तित करने के लिये कार्य कर रही है.
12. सोसायटी द्वारा अधिनियम, नियमों या उपविधियों के अधीन शर्तों का जो रजिस्ट्रीकरण या प्रबंध के बारे में है अनुपालन करना बन्द कर दिया है.

अत: मैं, सी. पी. एस. भदौरिया, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ 5-1-1999-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर न्यायोचित निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 15 सितम्बर, 2020 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा कि आपको उपरोक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार हैं. तद्नुसार विधि अनुरूप न्यायोचित निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 14 अगस्त, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

सी. पी. एस. भदौरिया,
उप-पंजीयक.

(890)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी, सहकारी संस्थाएं, बैतूल

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/714:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/583, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1	2	3	4
1.	जिला सह. भूमि वि. बैंक कर्म. साख सह. समिति, बैतूल	1339//24-5-1996	बैतूल

1	2	3	4
2.	समर्थ बहु. सह. समिति मर्या., बैतूल	1762/14-07-2014	बैतूल
3.	अन्नपूर्णा प्राथ. उप. सह. भंडार मर्या., मोतीवार्ड बैतूल	1562/13-07-2007	बैतूल
4.	मत्स्योद्योग सह. समिति मर्या., खण्डारा	1639//30-10-2010	बैतूल
5.	बीज उत्पा. सह. समिति मर्या., जूनावानी	1837/11-03-2016	बैतूल
6.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., बरसाली	1671/01-02-2012	बैतूल
7.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., जामठी	1672//01-02-2012	बैतूल
8.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., दनोरा	1609/28-02-2009	बैतूल
9.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., सिहरी	1725/03-12-2013	बैतूल
10.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., उडदन	1635//30-6-2010	बैतूल
11.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., मोरडोंगरी	1720/06-07-2013	बैतूल

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, के.एल. राठौर, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

के. एल. राठौर,
परिसमापक.

(891)

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/715:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/588, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	प्राथ. उप. सह. भंडार मर्या., सारणी	1614//12-10-2009	घोडाडोगरी
2.	सतपुडा परिवहन सह. समिति मर्या., पाथाखेडा	1538//30-08-2006	घोडाडोगरी
3.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., सेहारा	1877/27-01-2018	शाहपुर

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, सहदेव परतेती, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

सहदेव परतेती,
परिसमापक.

(892)

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/716:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/584, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	जय मां तात्पी बीज उत्पा. सह.समिति मर्या., गुबरेल	1833//04-05-2016	आमला
2.	जय किसान बीज उत्पा. सह.समिति मर्या., डुडरिया	1831//27-01-2016	आमला
3.	जयधन गौरी बीज उत्पा. सह.समिति मर्या., केकडिया	1834//04-03-2016	आमला
4.	जय भैरम बीज उत्पा सह.समिति मर्या., खारी	1835//04-03-2016	आमला
5.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., तिरमहू	1494/20-12-2004	आमला
6.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., छिपन्यापिपरिया	1665/27-08-2011	आमला
7.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., केहलपुर	1488//28-12-2003	आमला
8.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., तरोडाबुजुर्ग	1553/18-04-2007	आमला

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, के.एल. राठौर, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

राजेश वडयालकर,
परिसमापक.

(893)

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/717:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/585, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	मां दुर्गा जैविक खाद एवं बीज उत्पा. क्रय-विक्रय सह. समिति इकलहरा	1848//21-06-2016	प्र. पटटन
2.	पंढरी नाथ बीज उत्पा. सह. समिति मर्या., सिरखेड	1830/14-07-2014	प्र. पटटन
3.	जैविक खाद एवं बीज उत्पा.क्रय विक्रय सह.समिति छिन्दखेडा	1818/01-09-2015	प्र. पटटन
4.	शा. बहु. उ. मा. वि. उप. सह. भडार मर्या., प्र. पटटन	1639//30-10-2010	प्र. पटटन
5.	शा. बहु. उ. मा. वि. उप. सह. भडार मर्या., मुलताई	794/30-05-1964	प्र. पटटन
6.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., धाबला	1479/22-01-2012	प्र. पटटन
7.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., चरूड	1687//22-03-2012	प्र. पटटन
8.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., सालईढाना	1348/17-03-1996	प्र. पटटन
9.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., निम्बोटी	1491/07-11-2014	प्र. पटटन
10.	वसुन्धरा जैविक खाद एवं बीज उत्पा.क्रय-विक्रय सह.समिति जौलखेडा	1820//11-09-2015	मुलताई

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, सी.एल. डोगरे, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं

से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

सी. एल. डोगरे,
परिसमापक.

(894)

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/718:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/589, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	जय बजरंग ईट उधोग सह.स. मर्या., पांढुर्णा	1606//07-07-2010	आठनेर

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, हरिओम गुप्ता, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्था से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

(895)

बैतूल, दिनांक 05 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57(1) सी/ग के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/689:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2019/195, दिनांक 20 फरवरी, 2019 द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	पूर्णा जौविक खाद बीज उत्पा. सह. संस्था मर्या., कोढीढाना	1825//06-10-2015	भैसदेही
2.	संजीवनी जौविक खाद बीज उत्पा. सह. संस्था मर्या., चिल्कापुर	1822//06-10-2015	भैसदेही
3.	किसाना जौविक खाद बीज उत्पा. सह. संस्था मर्या.,भीवकुण्ड	1824/06-10-2015	भैसदेही

उपरोक्त सहकारी संस्थाओं से मुझे किसी प्रकार का कोई रिकार्ड अथवा दस्तावेज तथा डेड स्टाक आदि का चार्ज प्राप्त नहीं हुआ है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, हरिओम गुप्ता, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(1)सी/ग के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

हरिओम गुप्ता,
परिसमापक.

(897)

बैतूल, दिनांक 13 अगस्त, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (सी/ग) के अंतर्गत]

क्र./परि./2020/719:—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बैतूल के द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1962 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अंतर्गत आदेश क्रमांक/परिसमापन/2020/587, दिनांक 3 जुलाई, 2020

द्वारा मुझे निम्नानुसार संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	विकास खण्ड
1.	सिद्धि विनायक बीज उत्पा. सह. समिति मर्या., कौडीढाना	1845//12-04-2016	भैसदेही
2.	दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या., चिचोलीढाना	1810//05-06-2015	भैसदेही

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70(1) को उपयोग में लाते हुए मैं, युवराज ठाकरे, परिसमापक सहकारी संस्थाएं बैतूल मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57(सी/ग) के अन्तर्गत यह सूचित करता हूं कि उक्त संस्थाओं से किसी दावेदार या सदस्यों की कोई लेनदारी हो या दावा प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के जारी होने के दो माह के अन्दर मय दस्तावेजों/प्रमाणकों के कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. निर्धारित समयावधि की समाप्ति के पश्चात दावों (क्लेम) पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. जिसके लिए संबंधित सदस्य/दावेदार ही व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे. संस्था के कोई भी अभिलेख या सम्पत्ति किसी भी व्यक्ति के पास उपलब्ध हो तो वह भी 60 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में जमा कर देवें अन्यथा ऐसे व्यक्ति वैधानिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे.

युवराज ठाकरे,
परिसमापक.

(896)

कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, शहडोल

शहडोल दिनांक 30 जुलाई, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के तहत्]

क्र./परि./2020/691.— जिले में स्थित स्वाती महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित, गिरूई बड़ी, पंजीयन क्रमांक 1103, दिनांक 10 जनवरी, 2011 के अकार्यशील हो जाने से संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के तहत परिसमापित किया गया. उक्त अधिनियम की धारा-70 के तहत नियुक्त परिसमापक द्वारा परिसमापित संस्था की देनदारी-लेनदारी का निपटारा किया जाकर संस्था के सदस्यों की आमसभा में सदस्यों के मत प्राप्त किया जाकर अंकेक्षित निरंक स्थिति विवरण पत्रक सहित अंतिम प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है.

परिसमापित संस्था के लेनदारी-देनदारी का निपटारा हो जाने तथा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत हो जाने से संस्था का अस्तित्व में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है.

अत: मैं, शकुन्तला ठाकुर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, शहडोल को सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ.5-1-99/पन्द्रह-एक-डी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के तहत स्वाती महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित, गिरूई बड़ी, पंजीयन क्रमांक 1103, दिनांक 10 जनवरी, 2011 का पंजीयन निरस्त करती हूं. यह भी आदेश देती हूं कि यह संस्था इस आदेश दिनांक से विघटित समझी जावेगी और निगमित निकाय (कार्पोरेट-बाडी) के रूप में विद्यमान नहीं रहेगी.

यह आदेश आज दिनांक 30 जुलाई, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(879)

शहडोल दिनांक 30 जुलाई, 2020

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के तहत्]

क्र./परि./2020/692.— जिले में स्थित ठाकुर बाबा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, मीठी, पंजीयन क्रमांक 1159, दिनांक 27 अगस्त, 2015 के अकार्यशील हो जाने से संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के तहत परिसमापित किया गया. उक्त अधिनियम की धारा-70 के तहत नियुक्त परिसमापक द्वारा परिसमापित संस्था की देनदारी-लेनदारी का निपटारा किया जाकर संस्था के सदस्यों की आमसभा में सदस्यों के मत प्राप्त किया जाकर निरंक स्थिति विवरण पत्रक सहित अंतिम प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है.

परिसमापित संस्था के लेनदारी-देनदारी का निपटारा हो जाने तथा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत हो जाने से संस्था का अस्तित्व में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है.

अत: मैं, शकुन्तला ठाकुर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, शहडोल को सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ.5-1-99/पन्द्रह-एक-डी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के तहत ठाकुर बाबा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, मीठी, पंजीयन क्रमांक 1159, दिनांक 27 अगस्त, 2015 का पंजीयन निरस्त करती हूं. यह भी आदेश देती हूं कि यह संस्था इस आदेश दिनांक से विघटित समझी जावेगी और निगमित निकाय (कार्पोरेट-बाडी) के रूप में विद्यमान नहीं रहेगी.

यह आदेश आज दिनांक 30 जुलाई, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

शकुन्तला ठाकुर,
उप-पंजीयक.

(880)

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन-सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा प्रकाशित तथा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर द्वारा मुद्रित-2020.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

